राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'कोरोना महामारी' के संकट के मद्देनजर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत आगामी एक वर्ष तक अपने वेतन की तीस प्रतिशत राशि नहीं लेने का निर्णय लिया

पटना, 06 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने कोरोना वायरस की वैश्विक महामारी के संकट के मद्देनजर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत आगामी एक वर्ष तक अपने वेतन की 30% (तीस प्रतिशत) राशि नहीं लेने का निर्णय लिया है।

अपने निर्णय से माननीय राष्ट्रपति को अवगत कराते हुए राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि भारत के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा पूरी सक्रियता से कई सार्थक और प्रभावकारी कदम उठाये गए हैं तथा विगत 24 मार्च, 2020 से तीन सप्ताह के लिए पूरे देश को 'लॉक डाऊन' किया गया है ताकि संक्रमण के चेन को रोका जा सके।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के सम्मिलित प्रयास से हम इस महामारी पर निश्चय ही विजय प्राप्त करने में सफल होंगे।

राज्यपाल श्री चौहान ने अपने उक्त निर्णय की जानकारी माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री को भी दे दी है।

साथ ही, महामहिम राज्यपाल के उक्त निर्णय की सूचना राज्य सरकार को भी दे दी गई है।

....